

# मिला एक्सपायर्ड मिक्स मसाला, लिए नमूने

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को कैलारस में 4 प्रतिष्ठानों पर की कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को कैलारस कस्बे में तीन डेयरियों समेत एक पोला फैक्टरी पर छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पोला फैक्टरी से मिक्स मसाला के एक्सपायर्ड हो चुके 12 पैकेट मिले। यहां से यूज्ड ऑइल सहित रिफाइंड सोयाबीन ऑइल, मिक्स नमकीन के लिए सैंपल लिए गए है। फैक्टरी संचालक को नोटिस भेजा जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह परिहार, महेन्द्र सिरोहिया की टीम ने रविवार को कैलारस कस्बे में पहाड़गढ़ रोड पर रामदीन धाकड़ की कान्हा डेयरी से मिल्क क्रीम का सैंपल लिया।

निरारा रोड स्थित जबर सिंह की डेयरी एवं चिलर सेंटर से सपरेटा दूध और कस्बे में अंबेडकर मार्ग स्थित अजय गुप्ता की गुप्ता डेयरी से पनीर के नमूने लिए। इसी क्रम में टीम ने पहाड़गढ़ रोड पर विशंभर दयाल गुप्ता की ज्योति पोला इंडस्ट्रीज पर कार्रवाई की। यहां टीम को निरीक्षण के दौरान मिक्स मसाला के 1 किग्रा वजनी 12 पैकेट मिले। जो एक्सपायर्ड हो चुके थे। टीम ने यहां से मिक्स नमकीन, यूज्ड ऑइल, रिफाइंड सोयाबीन ऑइल के नमूने जांच हेतु लिए है। इंडस्ट्रीज संचालक को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## ई-अटेंडेंस के विरोध में मप्र शिक्षक संघ आज देगा ज्ञापन

मुरैना, 29 जून। शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में मप्र शिक्षक संघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों द्वारा आज 30 जून की दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम को लेकर मप्र शिक्षक संघ सहित अन्य संगठनों की बैठक का आयोजन रविवार को चंबल कॉलोनी पार्क में हुआ। इस बैठक में सर्वसम्मति से ई-अटेंडेंस व्यवस्था को शासन के सभी विभागों में लागू किए जाने की मांग की गई। जिसे लेकर सोमवार को ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन सौंपे जाने से पहले शिक्षकगण न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित शहीद पार्क में एकत्रित होंगे। जहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन देंगे।

## जमीन में गड्ढा खोदकर छुपाए गए जेवरात-नकदी ले गए चोर

**जेबराखेड़ा गांव में शनिवार की रात को हुई वारदात**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** घर में मौजूद बुजुर्ग मां और उसके दोनों बेटे रातभर सोते रहे, इधर बदमाश घर के अंदर जमीन में गड्ढा खोदकर छुपाए गए सोने के जेवरातों सहित डेढ़ लाख नकदी को चुराकर ले गए। सुबह नींद खुलने पर दोनों बेटों और मां को चोरी होने का पता चला। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटना स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के जेबराखेड़ा गांव में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात को होना बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जेबराखेड़ा गांव में रहने वाले भीकम कुशवाह के परिवार में उनकी बुजुर्ग मां रामश्री देवी और भाई गंभीर कुशवाह है। दोनों भाईयों ने मां के साथ मिलकर अपने सोने-चांदी के जेवरात और डेढ़ लाख रूपये नकदी चोरों की नजर से बचाने के लिए घर के अंदर गड्ढा खोदकर जमीन के नीचे गाड़ दिए थे। शनिवार-रविवार की रात को दोनों भाई एवं मां घर में सो रहे थे। तभी देर रात को अज्ञात बदमाश उनके घर में घुसे और जमीन के अंदर गड़े हुए डेढ़ लाख रूपये नकदी एवं सोने की करधनी, बेसर और पाजेब को चुराकर ले गए। रविवार की सुबह जब वे तीनों सोकर उठे तो घर के अंदर खुदी हुई जमीन को देखा, तब उन्हें चोरी होने का पता चला। भीकम कुशवाह ने लिखित आवेदन देकर स्टेशन रोड थाना पुलिस को सूचना दे दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।



## क्षेत्रीय निरंकारी बाल समागम मे दतिया के बच्चों ने दी प्रस्तुति

**दतिया।** गत दिवस संत निरंकारी मिशन के ग्वालियर जोन के क्षेत्रीय स्तर के निरंकारी बाल समागम का आयोजन ग्वालियर पुरानी छावनी स्थित निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित किया गया जिसमे आस पास के सभी जिलों के निरंकारी बच्चो के साथ दतिया ब्रांच के बच्चो ने भी मनमोहक प्रस्तुतिया दी जिसमे बाल कव्वाली के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे सभी उपस्थित जनों को मन्त्र मुग्ध किया।



## दबंगों ने किया खेत पर कब्जा, विरोध करने भू-स्वामी को पीटा

दबंगों ने किया खेत पर कब्जा, विरोध करने भू-स्वामी को पीटा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** शहर की नाला नंबर-1 रोड के किनारे स्थित परशुराम नगर स्थित बेशकीमती पर कब्जा कर अपने स्वामित्व की भूमि होने का बोर्ड लगा रहे दबंगों को जब असल भू-स्वामी ने रोकने की कोशिश की तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। पीड़ित की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने दबंगों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार शहर की जीवाजीगंज निवासी आदिश जैन 20 पुत्र मनोज कुमार जैन दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा है। कुछ दिन पहले आदिश मुरैना स्थित अपने घर पर पहुंचा था। रविवार को आदिश परशुराम नगर स्थित अपने स्वामित्व की भूमि को देखने पहुंचा तो वहां दबंग शिवसिंह परमार, बृजेश परमार, महावीर जैन, प्रतीक जैन, कालिया मिलकर जमीन पर कब्जा किए जाने का बोर्ड लगाते हुए मिले। आदिश ने अपने मोबाइल फोन से उनका वीडियो शूट करना शुरू कर दिया। जिसे देखकर दबंगों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। आदिश की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है।

## चोरी हुई बीएमडब्ल्यू बाइक सरायछौला में पड़ी मिली

**-27 जून की रात को शहर के हनुमान चौराहे से हुई थी चोरी**

मुरैना, 29 जून। शहर के हृदय स्थल हनुमान चौराहे से 27 जून की रात को चोरी हुई 4 लाख कीमती बीएमडब्ल्यू कंपनी की बाइक को पुलिस ने सरायछौला क्षेत्र से बरामद कर लिया है।

हनुमान चौराहा क्षेत्र में पंसारी बाजार के ठीक सामने रहने वाले व्यापारी शुभम गुप्ता की 4 लाख रूपये कीमती बीएमडब्ल्यू बाइक को 27 जून की रात को बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाश चुराकर ले गए थे। घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। तभी चोरी हुई बाइक के सरायछौला क्षेत्र में एक स्थान पर लावारिस अवस्था में खड़े होने की सूचना मिली। कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और बाइक को जब्त कर अपने साथ ले आई। फिलहाल बाइक को चुराने वाले बदमाश पुलिस गिरफ्त से दूर हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

### एक नजर में



**आरईएस के एज्यूकेटिव इंजीनियर सुमन ने की देहदान**

मुरैना, 29 जून। रूरल इंजीनियरिंग सर्विस (आरईएस) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरआर सुमन ने शुक्रवार को ग्वालियर स्थित गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग में स्वेच्छा से देहदान का संकल्प पत्र सौंपा। उन्होंने यह निर्णय अपने सेवानिवृत्त होने के मौके पर दिया। आरआर सुमन के देहदान से चिकित्सा छात्रों को शिक्षा और प्रैक्टिकल करने में मदद मिलेगी, साथ ही शोधकर्ताओं को नए अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे।



**गरीब परिवार के कार्तिक के कटे होंठ की हुई सर्जरी**

मुरैना, 29 जून। जौरा तहसील के ग्राम धमकन रहने वाले गरीब किसान रानू कुशवाह के बेटे कार्तिक कुशवाह का जन्म से ही होंठ कटा हुआ था। इस बीमारी को क्लेफट लिप नाम से जाना जाता है। जो सिर्फ ऑपरेशन से ही ठीक हो सकती थी। लेकिन ऑपरेशन काफी महंगा था। कार्तिक के पिता रानू बताते है कि उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, जिससे वह कार्तिक का ऑपरेशन कराने में असमर्थ थे। लेकिन जिला हस्तक्षेप केंद्र के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। 03 जून को लाहौटी हॉस्पीटल भोपाल में संपन्न हुआ। आज बच्चे की स्थिति में पहले से सुधार है।

**झगड़े को शांत न कराने वाले एचसीएम व आरक्षक निलंबित**

**नंदे का पुरा पर वाहन चैकिंग के दौरान हो रहा था झगड़ा**

मुरैना, 29 जून। वाहन चैकिंग के दौरान चैक पॉइंट पर लोडिंग वाहन के ड्राईवर के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही थी। लेकिन वहां तैनात प्रधान आरक्षक रंजीत और आरक्षक राघवेन्द्र चौधरी ने हस्तक्षेप न करते हुए झगड़े को शांत नहीं कराया। आरक्षकों के इस कृत्य को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने मप्र पुलिस रेग्युलेशन पैरा 64 (2), 341, बीएनएस की धारा-168 के विपरीत मानते हुए प्र.आर. रंजीत सिंकह और आरक्षक राघवेन्द्र चौधरी थाना स्टेशन रोड को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के आदेश दिए है। बता दें कि इस घटना का मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल फोन से वीडियो शूट कर लिया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। वीडियो के संज्ञान में आने के बाद एसपी समीर सौरभ ने कार्रवाई की है।



**न्यायाधिपति के लिए मनकामेश्वर मंदिर में हुआ अभिषेक**

मुरैना/जौरा, 29 जून। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति जस्टिस जितेंद्र कुमार माहेश्वरी के जन्मदिन पर नगर के प्राचीन ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी परिवार की ओर से मंदिर में विधिपूर्वक भगवान शिव का महाभिषेक किया गया। यह पावन अनुष्ठान मंदिर के विद्वान आचार्यों एवं पंडितों द्वारा पूर्ण वैदिक रीति-रिवाजोंए मंत्रोच्चार एवं श्रद्धा के साथ संपन्न कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, अतुल माहेश्वरी, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष माहेश्वरी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**संचालक की माँ ने स्कूल का किया पूजन**

कैलारस। कैलारस नगर में न्यू बिल्डिंग जो कि स्कूल संचालक अतुल राठौर ने न्यू एंजिल पब्लिक स्कूल के लिए तैयार की जिसका आज शुभारंभ स्कूल संचालक की माँ के हाथों से फीता काटकर व पूजन करके शुभारंभ किया।यह स्कूल 2017 से कैलारस की वशिष्ट मार्ग से एक छोटे से कमरे से चालू हुआ था जिसमें संचालक के द्वारा बच्चों पर विशेष ध्यान दिया गया जिसका नतीजा यह हुआ कि न्यू एंजल पब्लिक स्कूल में धीरे-धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती गई और स्कूल का नाम भी बढ़ता गया देखा जाए तो स्कूल के संचालक अतुल राठौर ने बच्चों की सुविधा के लिए पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर एक नई भव्य एवं खूबसूरत तरीके से स्कूल की नई बिल्डिंग बनकर तैयार की जो कि दो मंजिल बिल्डिंग बनाई गई है इसमें खास बात यह है कि बच्चों की सहूलियत एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के कमरों में एसी की व्यवस्था की गई है और बच्चों को पढ़ने के लिए भी 20 स्टाफ मेंबर्स भी रखे गए हैं खासकर बच्चों खेलने के लिए ग्राउंड भी बनाया गया है आज स्कूल की बिल्डिंग का स्कूल संचालक अतुल राठौर ने किसी नेतागण व प्रशासनिक अधिकारियों को न बुलाते हुए अपनी मां के हाथों से पूजन कर फीता काट कर बिल्डिंग का शुभारंभ किया।

## निशुल्क परामर्श शिविर, 96 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया

दतिया। डॉ हेमंत जैन के द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर संपन्न,समाजसेवा का कार्य करते हुए राजनेता और संस्थाओं को आपने देखा होगा लेकिन एक डॉक्टर को समाजसेवा का कार्य करते हुये कम ही सुना होगा। वही डॉक्टर को हम भगवान का दूसरा रूप ही मानते है। एक ऐसे डॉ. हेमंत कुमार जैन भी दतिया जिले में हैं जो अपने निजी क्लिनिक पर नि:शुल्क परामर्श देकर एक समाजिक कार्य कर रहे है। इसी क्रम में रविवार को डॉ हेमंत जैन द्वारा आयोजित निशुल्क परामर्श शिविर में 96 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया इस दौरान लगभग 60 मरीजों ने निशुल्क फाइब्रोस्कैन की जांच भी करवाई, डॉ जैन के द्वारा प्रतिमाह अंतिम रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता है, फाइब्रोस्कैन की जांच से लिवर में चर्बी की मात्रा और सुकड़न का पता लगाया है,अगर चर्बी ज्यादा है या सुकड़न आती है तो गंभीर परिणाम सामने आते है इसलिए समय पर जांच करवा कर इलाज करवाने से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है,शिविर में, सोनू कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, मयंक पुरोहित, धीरज ढींगरा और अनिल शाक्य का योगदान रहा।

## एक्सीडेंट में मौत, परिजन बोले हत्या हुई, एसपी दफ्तर का घेराव

**मृतक के भाई ने कहा कि दोस्तों ने शराब पिलाकर मारा, एक्सीडेंट का रचा षडयंत्र**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** बागचीनी क्षेत्र में 25 जून की रात को एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले राहुल शर्मा 21 पुत्र रामसेवक शर्मा नि. विंडवा क्वारी के परिजन ने रविवार को शव रखकर एसपी दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि दोस्तों ने पार्टी की बात कहकर राहुल को बुलाया था, जिसके बाद उन्होंने राहुल को शराब पिलाकर हत्या की और घटना को एक्सीडेंट बताने का षडयंत्र रचा है। परिजन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद परिजन वहां से हटे और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

जानकारी के अनुसार राहुल शर्मा 25 जून की रात को बागचीनी चौखट्टा के नजदीक स्थित वेयर हाऊस के पास रोड एक्सीडेंट में जख्मी हो गया था। उसे ग्वालियर रैफर किया गया था। इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। रविवार को परिजन ग्वालियर से शव लेकर मुरैना में एसपी दफ्तर पहुंचें, जहां शव रखकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। हंगामें की सूचना मिलने के बाद सीएसपी दीपाली चंदौरिया, सिविल लाईन थाना प्रभारी दर्शन शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें और समझा-बुझाकर हंगामें को शांत कराया।

**मृतक राहुल के भाई ने कहा दोस्तों ने की है हत्या**

मृतक राहुल के भाई रंजीत शर्मा ने कहा कि राहुल को उसके दोस्तों ने वीरमपुरा गांव में पार्टी के लिए बुलाया था। वहां शराब पार्टी हुई, जिसके बाद दोस्तों ने साजिश रचकर राहुल की हत्या की और उसे एक्सीडेंट बताने का षडयंत्र रच दिया।

**इनका कहना है...**

एक्सीडेंट में जख्मी हुए राहुल शर्मा की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजन दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। उन्हें जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

**दर्शन शुक्ला**
**थाना प्रभारी, सिविल लाइन**

## कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहते थे उपयंत्री सगीर : महापौर

**नगर निगम के वरिष्ठ उपयंत्री को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई**




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** अर्द्धवार्षिकी सेवा आयु पूर्ण करने के बाद शासकीय सेवा से निवृत्त हुए नगर निगम के वरिष्ठ उपयंत्री सगीर खान को नगर निगम महापौर सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने रविवार को समारोपूर्वक भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह होटल इंद्रलोक पैलेस में हुआ। समारोह में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कहा कि मुरैना नगर निगम में तीन वर्ष के सेवाकाल के दौरान उपयंत्री सगीर खान सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करने को तत्पर रहते थे। साथी कर्मचारियों को उनके कर्तव्य निर्वहन से प्रेरणा लेना चाहिए।

समारोह में सभापति राधारमण डण्डौतिया ने कहा कि उपयंत्री सगीर खान ने पीएम आवास योजना को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह को पूर्व कार्यपालन यंत्री नवनीत शर्मा ने भी संबोधित किया। ननि के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान ने उपयंत्री सगीर खान के दायित्व निर्वहन को लेकर भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन उपयंत्री स्नेहा राजावत ने किया। समारोह में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के प्रमुख, पीएम आवास योजना के विक्रम, भोला शर्मा, नितिन बरूआ, बंटी उपाध्याय, इमरान खान, रवि घुरैया, राजू खान, सहायक यंत्री ललित शर्मा, भानु तोमर, अमरनाथ व्यास, प्रशांत पचौरे, फरमान खान आदि उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो गुट भिड़े-फायरिंग, 8 जख्मी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** नूराबाद क्षेत्र के ग्राम जीवाराम का पुरा में जमीनी विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष द्वारा की गई फायरिंग में कुल 8 लोग जख्मी हुए है। घायल जब जिला अस्पताल पहुंचें, तो यहां आमना-सामना हुआ तो दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे की मारपीट कर डाली। जिसके बाद जिला अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। दौरावली पंचायत के मजरा जीवाराम का पुरा निवासी केशव गुर्जर 30 पुत्र गब्बर गुर्जर और जवान सिंह गुर्जर 35 पुत्र महेन्द्र सिंह गुर्जर के बीच जमीनी विवाद को लेकर रविवार को झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आए तो उन्होंने एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी। फायरिंग में जवाहर गुर्जर कल्लू गुर्जर, बनवारी गुर्जर, दिलीप गुर्जर सहित दूसरे पक्ष के केशव, अशोक, राजकुमार, विनोद गुर्जर घायल हो गए। सभी घायलों को नूराबाद स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल भेज दिया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

## रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

**कोतवाली क्षेत्र में न्यू बस स्टैंड के बाहर हुई घटना**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** कांसपुरा जौरा के युवक की पुरानी रंजिश को लेकर 4 हमलावरों ने लाठियों से जमकर मारपीट की, इस दौरान हमलावरों ने युवक के ऊपर बड़ा पत्थर भी पटका, जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना कोतवाली क्षेत्र में न्यू बस स्टैंड के बाहर हुई। पुलिस ने 4 नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार जौरा क्षेत्र के कांसपुरा गांव निवासी रामबरन कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह की गुढ़ा आसन गांव के भूरा गुर्जर, मनोज, धर्मवीर वगैरह सहित पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार को रामबरन कुशवाह किसी काम से मुरैना आया हुआ था। बस स्टैंड पर बस से उतरने के बाद जब रामबरन बाजार जाने को रिक्शा तलाश कर रहा था। तभी वहां भूरा, मनोज, धर्मवीर सहित एक अन्य पहुंचें, उन्होंने गालियां देते हुए लाठियों से रामबरन की मारपीट करना शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने रामबरन के ऊपर एक बड़ा पत्थर भी पटक दिया। जिससे रामबरन बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने भूरा, मनोज, धर्मवीर सहित एक अन्य के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी के पिताजी का निधन**

**दतिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी के पिताजी का रात 10:00 जयारोग्य हॉस्पिटल ग्वालियर में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रवीवार को सुबह 10:00 बजे निज निवास पुराने फिल्टर के पास से ग्वालियर रोड सखी बाबा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुई जिसमें शहर के जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

**टीएल बैठक का आयोजन आज होगा**

**मुरैना, 29 जून।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 30 जून को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।


### आम सूचना

श्रीमती सोनू त्यागी पत्नी श्री राजेश त्यागी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, जय दाऊजी विहार कॉलोनी, एच.पी.पेट्रोल पम्प, ग्राम मुरैनागाँव, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.07 (दाऊजी वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1449/1एवं 1406/44 ग्राम मुरैनागाँव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1444 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-भूमि स्वामी, उत्तर में रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामेश्वर पुत्र श्री पातीराम, श्री रामनिवास पुत्र श्री तेज सिंह एवं श्री राकेश सिंह पुत्र श्री रामेश्वर के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामनिवास एवं श्री राकेश सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सोनू त्यागी पत्नी श्री राजेश त्यागी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024 11317403 दिनांक 11.11.2024 से विक्रय की गई। श्री रामनिवास एवं श्री राकेश सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर**
**(म.प्र.),मो.नं. 98276-72710**




## सुरेश सनाढ्य ब्राह्मण सभा के ऑडिटर, सतेन्द्र सचिव बने

ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 29 जून।** सनाढ्य ब्राह्मण महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को हुआ। सनाढ्य ब्राह्मण धर्मशाला में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष कमलेश दुबे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष ललित पाराशर, उपाध्यक्ष ऋषि पाराशर, सचिन शिवकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, कार्यालय सचिव अवनीश शर्मा सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को भी चुनाव अधिकारी रहे विनोद उपाध्याय द्वारा शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश दुबे ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में सुरेश शर्मा को ऑडिटर, सत्येंद्र पांडे को सह सचिव बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी में ओमप्रकाश पाराशर, महावीर शर्मा, संतोष शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, गणेश शर्मा, महेश शर्मा, गोविंद शुक्ला, हरिप्रकाश, वृंदावन शर्मा, दिलीप अवस्थी, दिनेश सकतपुर एवं दिनेश शर्मा को शामिल किया गया। इस मौके पर रामभजन शर्मा, सुरेंद्रपाल शर्मा, देवेंद्रदत्त मिश्रा, जगदीश शुक्ला, हरेंद्र त्यागी, नीकेराम त्यागी, गिर्राज त्यागी, बनवारीलाल दुबे, मुन्नालाल दुबे आदि मौजूद रहे।

## 60 हजार नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात ले गए चोर

डोमपुरा में नई कॉलोनी के एक घर में हुई वारदात



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 जून।** नगर निगम के वार्ड-44 के अंतर्गत डोमपुरा में नई कॉलोनी स्थित एक घर से शनिवार-रविवार की रात को अज्ञात बदमाश अलमारी और बक्सों का ताला तोड़कर 60 हजार रूपये नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। चोरी गए माल की कीमत 3 लाख रूपये से अधिक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार नई कॉलोनी निवासी दीपक बौद्ध के घर में शनिवार की रात को परिवार के सदस्य अपने कमरे में सो रहे थे। देर रात को मेन गेट की कुंडी को तोड़कर बदमाशों ने घर में प्रवेश किया। जिसके बाद कमरे के अंदर रखी अलमारी और बक्सों में रखे 60 हजार रूपये नकदी, सोने के दो मंगलसूत्र, चांदी की दो करधनी, एक जोड़ी पाजेब, 8 जोड़ी बिछिया, सोने की बेसर, दो जोड़ी कानों की बालियां, 3 बच्चों के नए कपड़े समेत महिलाओं की साड़ी और सलवार सूट चुराकर ले गए। चोरी गए माल की कीमत 3 लाख रूपये से अधिक बताई गई है। रविवार की सुबह दीपक बौद्ध की सूचना पर सिविल लाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना किया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

**क्षेत्र में 15 दिन से बिजली गुल, साधु-संत उमस भरी गर्मी में परेशान**

**दतिया।** नगर के संत नगर वार्ड क्रमांक 2 स्थित आश्रम क्षेत्र में बीते 15 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। इस कारण यहां निवास कर रहे साधु-संतों को भीषण गर्मी और पेयजल संकट जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगातार उमस भरे वातावरण में बिजली न होने से आश्रमवासियों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गय है

आश्रम क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित होने का कारण ट्रांसफार्मर का खराब होना है। स्थानीय लोगों एवं साधु-संतों द्वारा कई बार बिजली वितरण कंपनी से शिकायत की गई। इसके बाद कंपनी द्वारा पुराने ट्रांसफार्मर को तो हटा लिया गया, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किया गया है। बिजली संकट के चलते पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। आश्रम क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए एकमात्र सहारा निजी बोरवेल ही हैं, जो बिजली न होने के कारण बंद पड़े हैं। कई साधु नदी का पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। वर्तमान में नदी का पानी स्वच्छ नहीं होने से इससे बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है।